समाचार

# उद्योग मंत्री ने साढ़े 47 करोड रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को नारियल तोड़कर प्रारंभ कराया, महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति




कोरबा 24 जनवरी 2026 – प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी व सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सड़क निर्माण, कालेज व स्कूल भवन निर्माण आदि से जुड़े साढ़े 47 करोड़ रूपये के महत्वपूर्ण विकास कार्यो को नारियल तोड़कर प्रारंभ कराया तथा पूरी गुणवत्ता के साथ कार्य कर समयसीमा में कार्यो को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को दिए।

उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा नारियल तोड़कर आज जिन विकास कार्यो को प्रारंभ कराया गया, उनमें 29 करोड़ 80 लाख रूपये की लागत से झगरहा कोरकोमा पसरखेद चचिया मार्ग निर्माण, 07 करोड़ 22 लाख रूपये की लागत से सक्ती से कोरबा मार्ग के बीच 3.40 किलोमीटर मार्ग का उन्नयन कार्य, 01 करोड़ 87 लाख रूपये की लागत से रिंग रोड मुख्य मार्ग से डिंगापुर पहुंच मार्ग का निर्माण, 01 करोड़ 58 लाख रूपये की लागत से मुड़ापार से दादर भालुसटका होते हुए रिसदी बायपास तक 2 लेन निर्माण कार्य, 04 करोड़ 65 लाख रूपये की लागत से शासकीय नवीन महाविद्यालय रामपुर जिला कोरबा का भवन निर्माण कार्य, 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से पी.डब्ल्यू.डी. रामपुर के हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य तथा 01 करोड़ 21 लाख रूपये की लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदनपुर का भवन निर्माण कार्य आदि कार्य

शामिल हैं। यहॉ उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के करकमलों से इन महत्वपूर्ण विकास कार्यो का भूमिपूजन सम्पन्न कराया गया था, आज उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नारियल तोड़ कर इन कार्यो को प्रारंभ कराया तथा अधिकारियों व निर्माण एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ किए गए हैं।

**हमने बनाया– हम ही संवारेंगे** – इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी बाजपेयी के द्वारा हम सबको छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दी गई थी, अब छत्तीसगढ़ को संवारने, इसे सम्पूर्ण रूप से विकसित करने का कार्य हमारी सरकार के द्वारा किया जा रहा है, उन्होने कहा कि डॉ.रमन सिंह जब छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बने, तो विकास के क्षेत्र में हमारा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ था, अपने 15 वर्षो के कार्यकाल में उन्होने विकास के सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक रूप से कार्य किया तथा राज्य के विकास पुरूष की छबि बनाई। उन्होने कहा कि आगे कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लगातार आशीर्वाद प्रदेश के विकास को मिल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव का लगातार सहयोग, मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के साथ–साथ कोरबा का भी सर्वांगीण विकास हो रहा है। उन्होने कहा कि केवल जिला खनिज न्यास मद से ही कोरबा जिले के 04 विधानसभा क्षेत्रों में 3000 करोड़ रूपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं, आगे आने वाले समय में कोरबा जिले की सभी सड़कों व प्रमुख मार्गो का कायाकल्प होगा तथा नागरिकों की विकास से जुड़ी अन्य समस्याएं भी शीघ्र दूर होंगी।

**बिना भेदभाव सभी वार्डो में विकास, हमारा लक्ष्य** – इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि दलगल राजनीति से ऊपर उठकर केवल जनताजनार्दन की इच्छा व मांग के अनुरूप निगम के सभी वार्डो में बिना किसी भेदभाव के समान रूप से विकास कार्य हों, यह हमारा प्रमुख लक्ष्य है तथा इस दिशा में तेजी के साथ कार्य हो रहा है। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने अपने महापौर कार्यकाल में कोरबा के विकास पुरूष की छबि बनाई थी, उनके द्वारा किए कार्यो को तथा उनके कार्यकाल को हम सब आज भी याद करते हैं, मुझे खुशी है कि श्री देवांगन अब छत्तीसगढ़ के पांच महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री हैं तथा उनका पूरा आशीर्वाद, सहयोग व मार्गदर्शन कोरबा के विकास के लिए निरंतर प्राप्त हो रहा है, विकास कार्यो हेतु उनके द्वारा लगातार फण्ड की व्यवस्था कराई जा रही है, मुझे विश्वास है कि आगे आने वाले समय में हम कोरबा को समस्याविहीन शहर बनाने में कामयाब होंगे।

इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन, एम.आई.सी.सदस्य ममता यादव, अजय गोंड़, पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, प्रताप सिंह कंवर, जिला पंचायत सदस्य रेणुका राठिया, मण्डल अध्यक्ष राजेश राठौर, महामंत्री अजय विश्वकर्मा, प्रकाश अग्रवाल, राजेन्द्र अग्रवाल, प्रफुल्ल तिवारी, दीपनारायण सोनी, नरेन्द्र पाटनवार, संजीव शर्मा, शिव चंदेल, लक्ष्य चतुर्वेदी, बलराम विश्वकर्मा, विजय राठौर, प्रीति स्वर्णकार, विभा शुक्ला, वर्षा सोनी, माधवी अग्रवाल, जय कुमार लहरे, पीडब्ल्यूडी के एस.डी.ओ. राकेश दुबे, रमा मिर्री, तुलसी सूर्यवंशी, पूजा खाण्डे, राजमोहनी भगत आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।